# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

श्री दिगम्बर जैन समाज की संसद

पत्रिका

## श्री दिगम्बर जैन महासमिति का लक्ष्य - संगठित समाज

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी से श्री सम्मेद शिखर जी के सन्दर्भ में प्रतिनिधि मण्डल के साथ वार्ता करते हुए श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन



श्री दिगम्बर जैन महासमिति के सदस्यों के वितरण हेतु पत्रिका

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति की सदस्यता शुल्क का विवरण

| श्रेणी (CATEGORY) | धनराशि (AMOUNT) | (अवधि PERIOD) |
|---|---|---|
| विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक | 100000.00 | आजीवन |
| शिरोमणि संरक्षक | 51000.00 | आजीवन |
| संरक्षक | 11000.00 | आजीवन |
| विशिष्ट सदस्य | 5100.00 | आजीवन |
| सहयोगी सदस्य | 3100.00 | आजीवन |
| सम्मानीय सदस्य | 1100.00 | आजीवन |
| साधारण सदस्य | 500.00 | (पाँच वर्ष हेतु) |

## आवश्यक सूचना

1. पत्रिका शुल्क सदस्यों के लिए 500/– रू वार्षिक देय होगा।
2. सदस्यता पहचान पत्र शुल्क अतिरिक्त 100/– रू देय होगा।
3. अधिक जानकारी एवं सदस्यता फार्म के लिए निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।

धरणेन्द्र कुमार जैन
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
70, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली–110065
मो. 8826578600, 9999495706

## सदस्यता शुल्क एवं सहयोग के लिए
## बैंक खाते का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| Bank Account Detail of | : | Shree Digamber Jain Mahasamiti |
| Account No | : | 10170001973962 |
| Branch | : | Bandhan Bank, Greater Kailash, Delhi-110048 |
| IFSC Code | : | BDBL0001498 |

वर्ष 5 - अंक 6 नवंबर-दिसम्बर 2022

Title Code : DELBIL11586

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

सामाजिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय चेतना की संदेशवाहक एक मात्र मासिक पत्रिका

राष्ट्रीय अध्यक्ष
डॉ मणीन्द्र जैन
9810043108

राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष
श्रीमती शीला डोडिया

राष्ट्रीय संयोजक
डॉ. रिचा जैन
मो. 9822221951

राष्ट्रीय महामंत्री
प्रवीन कुमार जैन (लोनी)
मो. 9811227718, 9711227718

राष्ट्रीय महिला महामंत्री
संगीता कासलीवाल

प्रधान सम्पादक
धरणेन्द्र कुमार जैन
मो. 8826578600, 9999495706
ईमेल : dkjdhir@gmail.com

महिला सम्पादक
1. डॉ. ममता जैन, पूना, मो. 8668734864
2. निर्मल जैन पाण्डया, अजमेर, मो. 8619531143

संपादक (विदेश)
कुँवर पाल शाह U.S.A.

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक
डॉ मणीन्द्र जैन

मुख्य कार्यालय
Shree Digamber Jain Mahasamiti
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

मुद्रक : रचना सिंडिकेट
बी. एस. सागवान
मो. 8178438390
दिल्ली-110093

| विषय सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1. सम्पादकीय ... | 2 |
| 2. अध्यात्म मोक्ष ... | 3 |
| 3. राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ... | 4 |
| 4. महिला महासमिति ... | 5 |
| 5. कोटा समाज ... | 6 |
| 6. भारत बने भारत ... | 7 |
| 7. पदारोहण दिवस ... | 8 |
| 8. अंचल राजस्थान ... | 9 |
| 9. अहिंसा रथ ... | 10 |
| 10. मुख्यमंत्री अशोक गहलौत ... | 11 |
| 11. समाज की वरिष्ठ ... | 12 |
| 12. नखोत नागपुर ... | 13 |
| 13. श्री दिगम्बर जैन ... | 14 |
| 14. चेतना फाउडेशन ... | 15 |
| 15. कोलकाता जैन ... | 16 |
| 16. ठण्ड से राहत ... | 17 |

लेखक के विचारों से सम्पादक या इसकी प्रकाशन संस्था श्री दिगम्बर जैन महासमिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सम्पादकीय

# हीन भावना हमारी सोच पर असर डालती है!



**अकेले और असुरक्षित अनुभव करना,** अपर्याप्तता का बोध होना, अशान्त और असन्तुलित बना देता है। ऐसे में व्यक्ति अपने आपको हीन समझ लेता है। जो अपने को हीन नहीं समझते, वो शरिब्सयत बन जाते हैं। **''कमियाँ एक व्यक्ति देखता है, दुनियाँ तो खूबियाँ देखती है।''** अपनी कमियों के बारे में हम स्वयं सोचते हैं और उनसे अपना व्यक्तित्व जोड़ लेते हैं और ''हम हीन न होते हुए भी हीनता के शिकार हो जाते हैं।''

**अन्दर की ताकत को जगायें जो हमें आगे बढ़ाती हैं,** इरादों को डगमगाने से बचाती हैं, कमियों से लड़ने की ताकत देती है खुद को हीन भावनाओं के घेरे से बाहर रखें और किसी को भी इस बात की इजाजत न दें कि, वह आपको कमजोर समझे।

**कुछ करने की लगन और जिद हो तो मंजिल मिल ही जाती है।** उम्मीद पर जीने वाला व्यक्ति दुर्भाग्य को भी भाग्य के रूप में स्वीकारने वाली विकलांग शरिव्सयतों से, कोई भी दुःख और समस्याओं को चुनौती बनाने की कला सीख सकता है। ऐसा नहीं है कि, विकलांगता की बजह से उन्हें कोई कमी है महसूस न होती हो, या मायूस न होना पड़ता हो, लेकिन उन्होंने सामंजस्य बैठाना सीख लिया है। उन्होंने भी विकलांग होते हुए समाज को कुछ देने के सपने देखे, चुनौती को स्वीकार किया और अभिशप्त जीवन को वरदान की तरह लिया। वो उम्मीद और उत्साह में भरोसा रखते हैं। हौसला दोगुना रखते हैं और नहीं चाहते कि कोई उन्हें दया के भव से देखे।

**प्रसिद्ध अंग्रेज कवि लार्ड वायरन की एक भव्य कोठी थी,** उस पर मखमली घास विछी थी। एक दिन उनका एक दोस्त उनसे मिलने आया। दोनों बगीचे में खड़े थे, दोस्त टकटकी लगाये नीचे देख रहा था। बायरन – को लगा कि वह उनके लंगड़े पैरों की ओर देख रहा है। बायरन बोले – ''मुझे पता है मैं लगड़ा हूँ लेकिन तुम मुझे अहसास क्यों करा रहे हो ?'' दोस्त ने कहा – कि तुमने ऐसा कैसे समझ लिया कि मैं तुम्हारा मजाक उड़ा रहा हूँ। मैं तो लान में विछी मखमली घास देख रहा था। ''दुनिया तुम्हारी कविताओं की कायल हैं, वह तुम्हारे गुण देखती है, कमियाँ नहीं।''

**हमारी हीन भावना ही है जो हमारी सोच पर असर डालती है।** खुद को कमजोर समझ कर हम अपने तमाम गुणों पर परदा डाल लेते हैं। संवेदनशील होकर भी अपनी कमजोरियों के वारे में सोचने लगते हैं और दूसरों से अपनी तुलना करने लगते हैं। ये बात ठीक नहीं है। अपनी कमियाँ जानना, उन्हें दूर करना जरूरी है, लेकिन अपनी शक्तियों को पहचानना भी जरूरी है।

**हीनता व्यक्ति को स्वंय से, व्यक्ति से, समाज से और अपनों से दूर ले जाती है।** मन में कभी भी किसी कमी का अहसास न पनपने दें। यदि कभी ऐसा अहसास हो, कोई नीचा दिखाने का प्रयास करे तो अपनी कमी को पहचान कर, उसे दूर करने का प्रयास करें। सफलता आपके हाथ होगी। न तो कभी अपनी बुद्धि का कम आकलन करें, न ही दूसरों की बुद्धि का आवश्यकता से अधिक आकलन करें। न तो आप इतने कमजोर हैं और न ही सामने वाला उतना बुद्धिमान, जितना आप समझते हैं। अपनी ताकत को केन्द्रित करें और अपनी उच्चस्तरीय योग्यता को पहचानें। याद रखें। कोई भी व्यक्ति दो दिमाग नहीं रखता, बेहतर उपयोग कर अपने दिमाग को दो गुना कोई भी कर सकता है। अपने आपको कभी भी हीन न समझे। कोई भी व्यक्ति हीन नहीं होता, हाँ हीनता का शिकार कोई भी व्यक्ति हो सकता है।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली**

# अध्यात्म मोक्ष प्राप्ति का साधन है !



**सुख, शांति और सदाचार** को यदि जिंदगी का हिस्सा बनाना है तो संसार में त्याग की भावना से मिलकर रहना सीखना चाहिए। भोग को त्याग के साथ भोगने पर कभी आसक्ति पैदा नहीं होती और जब इंसान में आसक्ति नहीं पैदा होती है तो उसे किसी को खोने में विशेष दुःख और प्राप्त करने में विशेष खुशी भी नहीं होती है। इसलिए हमारे ऋषि– मुनियों ने त्याग के साथ बेहतर जिंदगी जीने का रास्ता बताया। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में देखने को भी यही मिलता है। हम जिस वस्तु या विषय से अधिक लगाव रखते हैं, उसके खो जाने पर हम दुःखी भी उतने होते हैं जितने उसे पाने पर। इसलिए बेहतर तो यही है कि हम सम्यक जिंदगी जीने का रास्ता तलाश करें। वेदों और उपनिषदों में यह रास्ता बताया गया है। वह रास्ता है– अध्यात्म का। अध्यात्म यह बताता है कि कोई भी वस्तु या विषय कैसा है और हमें उसे कैसे व कितना उपयोग करना चाहिए।

**पूजा–पाठ, जप–तप, योग साधना** और सत्संग करना अध्यात्म नहीं है। ये तो अध्यात्म की तरफ ले जाने के उपाय मात्र है। हमारा अध्यात्म यानी विशेष ध्येय तो मोक्ष को हासिल करना है। उपरोक्त तरीकों से हम ईश्वर तक पहुंच सकते हैं, लेकिन इन्हें बेहतर तरीके से करना आना चाहिए। इसीलिए गुरु की शरण में जाने की बात की गई है। लेकिन गुरु भी बहुत सोच–समझ कर बनाना चाहिए। वेद में कहा गया है कि भौतिक और आध्यात्मिक दोनों में संतुलन होना चाहिए। जब संतुलन होता है तो व्यक्ति में कभी आसक्ति पैदा ही नहीं होती है। आसक्ति तब पैदा होती है जब हम एकांगी हो जाते हैं। हमारे ऋषि महर्षि कहते थे कि मनुष्य को दुनिया में आकर कर्मकरना चाहिए। कर्म ऐसा हो जो भोग की तरफ नहीं, बल्कि अभोग की तरफ ले जाए। परमात्मा ने हमारे अंदर असीम ऊर्जा दी है। हम अपनी ऊर्जा का उपयोग किस रूप में कर रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है। हम अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल अपने विकास के लिए सार्थक और सच के रास्ते पर चलकर कर रहे हैं कि बगैर सोचे–समझे, इस पर विचार करना जरूरी है।

**- डॉ. मणीन्द्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

---

– उस दान में कोई पुण्य नहीं, जिसमें विज्ञापन हो।
– भक्त वही है, जो किसी के दिल को नहीं दुःखाता,
बल्कि जहाँ तक बने, सबकी सेवा करता है।

# राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश को जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा।



**अजमेर, तीर्थ बचाओ पुण्य कमाओ** भारतीय जैन मिलन एवं दिगंबर जैन महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में सकल जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के द्वारा जिलाधीश अंशदीप को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, पर्यटन विकास मंत्री भूपेंद्र यादव एवं झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।

**झारखंड सेक्स सम्मेद शिखर पर्वत** जैन समाज को प्रमुख आस्था का पवित्र तीर्थ स्थान है। स्थानीय सरकार द्वारा श्री सम्मेद शिखर तीर्थ स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रयास किया गया जो अत्यंत दुःखद है।

**निंदनीय भारतीय जैन मिलन** के प्रदेश अध्यक्ष वीर प्रकाश जैन पाटनी ने बताया कि पूरे राष्ट्र में इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

**आगामी 18 दिसंबर 2022 को ज्ञापन सौंपा गया।** दिल्ली के लाल किला मैदान से दिगंबर संतो के सानिध्य में जैन समाज की अग्रिम कमेटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें वीरेंद्र हेगडे राज्यमंत्री को अध्यक्ष व गजराज जैन **डॉ. मणीन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन महासमिति** को इस आंदोलन का कार्यभार संतो के द्वारा सौंपा गया है।

**स्थानीय इकाई के अध्यक्ष पीसी गंगवाल** के अनुसार यदि सरकार शीघ्र ही कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती तो जैन समाज सड़कों पर आकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। इस अवसर पर महासंघ के उपाध्यक्ष मनीष गदिया ने बताया कि आगामी 16 दिसंबर को सकल जैन समाज की रैली भी प्रस्तावित है **श्री दिगंबर जैन महासमिति** की महिला अध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि रैली में सभी महिला मंडल समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी हिस्सा लेंगे बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन युवा एवं महिला संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**वीर कमल बाफना,** पदम खटोर, अनिल कोठारी, नाथूलाल जैन, रविंद्र जैन, राजकुमार पांडे, दिनेश पाटनी, रविंद्र जैन, ज्ञान पाटनी, राजकुमार लुहाडिया, राजेंद्र पाटनी, अनिल गदिया, मिश्रीलाल, पिंकी विनय जैन राकेश पालीवाल अतुल पाटनी कमल गंगवाल संजय जैन महिला इकई के मधु पाटनी, मोनिका भैंसा, सुषमा काला, श्रीतमा जैन, अलकेश जैन, पिंकी सेठी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

**- मधु पाटनी, महिला अध्यक्ष, अजमेर**

## महिला महासमिति का अधिवेशन व अलंकरण समारोह हुआ थूवोनजी में

## सम्पन्न नारी शक्ति हर क्षेत्र में कुशलता से कार्य करें - पाटनी

## श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखने का सरकार ने दिया वचन

## -राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मणीन्द्र जैन

अशोक नगर अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोदय तीर्थ यूवानजी में श्री दिगम्बर जैन महिला महा समिति का अधिवेशन व अलंकरण समारोह मध्यांचल महिला श्री महासमिति के तत्वावधान में रविवार को शिरोमणि संरक्षण श्रीमती सुशीलाजी पाटनी आर के मार्वेल श्री मती शीला डोडिया जयपुर श्रीमती मंजू अजमेरा के आतिथ्य में श्री हुआ समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन दिल्ली ने की समारोह के विशेष आतिथ्य नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया डॉ. डी के जैन मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा संजीव आगर शैलेन्द्र जैन राजेन्द्र चौधरी अशोक गांधी मध्याचल की अध्यक्ष इन्द्र गांधी विषेश रूप उपस्थित थे इस दौरान आविका शिरोमणि श्री मती सुशीलाजी पाटनी का सम्मान राष्ट्रीय अध्यक्ष मणीन्द्र जैन, इन्दू गांधी कमेटी के अध्यक्ष, अशोक जैन टींगू, मिल उपाध्यक्ष राकेश अमरोद, महामंत्री विपिन सिघांई, मंत्री विनोद मोदी, राजेन्द्र हलवाई प्रचार मंत्री, विजय धुर्रा कोषाध्यक्ष सौरव वाझल, आडीटर राजीव चन्देरी द्वारा किया गया समारोह के प्रारंभ में आतिथियों द्वारा बड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के दरवार में ध्वजारोहण किया गया चित्र अनावरण अशोक गांधी शैलेन्द्र श्रागर मंजू अजमेरा द्वारा दीप प्रज्वलन श्रीमती अजू संजीव श्रागर द्वारा किया गया इस दौरान अशोक नगर की नवीन कार्यकारणी को मंच पर शपथ ग्रहण अतिथियों द्वारा कराए।









 

## सम्मेद शिखर जी सभी की आस्था से जुड़ा है

समारोह की समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मणीन्द्र जैन दिल्ली ने कहा कि अभी देशभर की जैन समाज जिस विषय पर चिन्तित थी और लगातार किसी न किसी रूप में सड़कों पर आ रही थी समाज की चिंता को सरकार ने दूर कर दिया इसके लिए हम झारखंड राज्य सरकार व केन्द्रीय सरकार के बहुत आभारी हैं जिन्होंने अहिंसक समाज की बात को सुना और आपके प्रदेश के मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा संस्कृति मंत्री महाराष्ट्र सरकार मंगल प्रभात जी लोढ़ा के साथ हमारी सभी मांगों को अपनी घोषणा में शामिल कर समाज को एक अच्छा सन्देश दिया है।

## प्रकृति सुन्दरता से भरा है थूवोनजी

मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीलाजी पाटनी आर के मार्बल ने कहा कि महासमिति का अधिवेशन परम पूज्य मुनि पुंग व श्री सुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में वर्षों से होता चला आ रहा था कोरोना काल के बाद पहली बार प्रकृति सौन्दर्य भरे दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में देशभर से महिलाएं जुटी हैं हमें सांस्कृतिक के साथ रचनात्मक कार्य को आगे बढ़ाकर करना होगा संस्कारित ग्रहणी से ही संस्कारित समाज का निर्माण होगा इसमें नारी शक्ति की अहम भूमिका होनी चाहिए अधिवेशन का मतलब सिर्फ ऐजेन्डे पर चर्चा नहीं वल्कि सार्थक परिणाम आना चाहिये। क्षेत्र कमेटी की ओर से विजय धुर्रा ने कहा कि आज यहां देशभर के प्रतिनिधियों का भव्य समागम हुआ हम क्षेत्र कमेटी की ओर से आप सभी का अभिनन्दन करते हैं नारी शक्ति का सामाजिक विकास में अपूर्व योगदान है इसकी जीवंत प्रस्तुत भी मंच के माध्यम से देखने को मिली

## नारी शक्ति जो ठान लें वह काम होता है।

मध्यांचल की अध्यक्ष इन्दु गांधी ने कहा कि नारी शक्ति जो ठान लें वह काम करके रहती हैं हमने लौक डाऊन में और फिर बाद में भी सभी गतिविधियों को अच्छी तरह से संचालित किया इसमें हमारी टीम की मंत्री अल्पना सर्राफ, सुनीता जैन, संध्या जैन, इन्द्र पाली का मुझे हर कदम पर साथ मिला डॉ. डी. के. जैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं का एक संगठन के रूप में काम करना निश्चित ही सुखद अनुभूति है आज के दौर में युवा पीढ़ी में इन कामों के लिए रुचि कम है फिर भी देशभर से प्रतिनिधियों का आकार भाग लेना कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है

## संगठन को हर तरह से मजबूत करना है

समारोह में मंजू अजमेरा इन्दौर ने कहा कि संगठन को हर तरह से मजबूत करने के लिए वरिष्ठ जनों का मार्ग अवश्य दर्शन प्राप्त कर कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं शीला डोडिया जयपुर ने कहाकि आज समाजिक संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है श्री दिगम्बर जैन महासमिति के द्वारा देश भर में लागातार काम किया जा रहा है। संस्कृतिक क्षेत्र में महिला महासमिति बहुत अच्छा काम कर रही है समारोह का संचालन रश्मि वज ने किया

**- इन्दु जैन गान्धी, अध्यक्ष (मध्यांचल )**

# भारत बने भारत अभियान की शुरुआत !







**भारत बने भारत अभियान शहर के लोगों से हस्ताक्षर** कराए जा रहे हैं इस अभियान की शुरुआत विज्ञान नगर स्थित जैन धर्मशाला आयोजित कार्यक्रम मैं की गई **श्री दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन पापड़ीवाल** ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिनेश कुमार (जेके जैन), पारस जैन पत्रिका, **श्री दिगंबर जैन महासमिति की अध्यक्षा श्रीमती मधु शाह** ,श्री सकल दिगंबर जैन समाज की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती निशा जैन श्रीमती मृदुला जैन, श्रीमती संगीता जैन, आदि उपस्थित रहे।

**- मधु शाह कोटा, अध्यक्ष**

---




Dr- Richa's Unique Clinic won the award for "EÛcellence In Advance Obesity & Laser Weight Loss Clinic" at the "Emerging Business Awards 2022" held by the UCN news channel- Sudhir Mungantiwar] Minister of Forestry and Culture] delivered the award.

# पदारोहण दिवस



**श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला सम्भाग कोटा** ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के पदारोहण दिवस पर हजारों दीपकों से आरती की। अध्यक्ष मधु शाह ने बताया कि इस पावन अवसर पर पुण्योदय नशियाँ जी में सभी सदस्यों के साथ समाज के विशिष्ठ जन हुकुम जी काका, जे के जैन, सजंय जी दुगेरिया, कैलाश जी, आदि प्रबुद्ध जनों ने महाआरती कर गौरवान्वित महसूस किया, कोटा शहर के सभी मंदिरों में एक साथ ठीक 8 बजे हजारों दीपकों से आरती कर आचार्य श्री के स्वास्थ्य दीर्घायु की कामना की। साथ ही पदारोहण दिवस के उपलक्ष में संस्कार ड़े केयर सेंटर एड्स पीड़ित बच्चों के लिए 1001 रु की राशि से भोजन एवं स्टेशनरी के लिए 10001 रु की राशि द्वारा सहयोग किया गया। 22 नवम्बर आचार्य पदारोहण पर बीमार असहाय गायों के लिए एक ट्रॉली चारा, 10 किलो गुड़, एक बोरी खल, श्रीमती शकुंतला जी सेठी द्वारा सभी सदस्यों की सहभागिता में दी गयी।

**- मधु शाह अध्यक्ष, कोटा**

---



## कोटा समाज द्वारा तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखरजी के संरक्षण के लिए ऐतिहासिक विशाल रैली अनुशासन पूर्ण रैली में कोटा समाज के २०००० लोगों ने भाग लिया महासमिति की सभी सदस्यो ने सहभागीता दी।

---

– सच्चा मित्र वही है, जो आलोचना तो बन्द कमरे में करे और प्रशंसा सबके सामने ।

# अंचल राजस्थान का अधिवेशन



**श्री दिगंबर जैन महासमिति** पुरुष एवं महिला अंचल राजस्थान का अधिवेशन जयपुर स्थित भट्टारक जी की नसिया में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन, महिला राष्ट्रीय अध्यक्षा शीला डोडिया,राजस्थान अंचल अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी महामंत्री भाग्येश जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धरणेन्द्र कुमार जैन के मुख्य आथित्य में आयोजित हुआ जिसमें राजस्थान के सभी संभागों ने विगत वर्ष में किए गए धार्मिक एवं सामाजिक सरोकार के अंतर्गत किए गए कार्यों की ब्योरा प्रस्तुत किया ।

**श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर** एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर द्वारा किए गए कार्यों का महामंत्री कमल गंगवाल द्वारा वाचन किया गया जिस पर सभी पदाधिकारियों ने अजमेर संभाग द्वारा किए गए धार्मिक आयोजनों के साथ सेवा प्रकल्पों की सराहना की और अजमेर संभाग को सर्वश्रेष्ठ बताया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों की रूप रेखा रखी एवं भगवान महावीर के सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रारंभ किए गए अहिंसा रथ प्रवर्तन के सफल आयोजन के बारे में बताया प्रवक्ता संजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्रीमती मधु पाटनी, अध्यक्ष अतुल पाटनी राकेश पालीवाल,श्रेयांश पाटनी,रेनू पाटनी, अचला सिंघी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाटनी का अभिनन्दन







**श्री दिगंबर जैन महासमिति** के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी ने कोटा संभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात कर संस्था के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी एवं संस्था को किस प्रकार से सक्रियता के साथ आगे बढ़ाएं इस बारे में पदाधिकारियों के विचार जाने कोटा संभाग राजस्थान का बहुत ही महत्वपूर्ण ध्यान रखता है सभी पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया की श्री दिगंबर जैन महासमिति के आगामी कार्यक्रमों को केंद्र के निर्देशानुसार प्रतिपादित करेंगे इस अवसर पर प्रदेश का भाव भीना अभिनंदन पगड़ी व माला पहनाकर किया गया संभागीय अध्यक्ष कैलाश जी महामंत्री, जे. के. जैन कोषाध्यक्ष, संजय जी गुलेरिया पारस जैन (राजस्थान पत्रिका) एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अहिंसा रथ पूरी दुनिया में लोगों को करेगा शिक्षित भगवान महावीर का २५५०वां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ का उद्घाटन

**- राज्यपाल कलराज मिश्र**




**भगवान महावीर 2550 वां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ** को रविवार को यहां भट्टारकजी की नसियां से जयकारों के बीच जैन ध्वज दिखाकर एवं दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। इस अहिंसा रथ से भगवान महावीर के सिद्धांतों **"जीओ और जीने दो,"** अहिंसा, सत्य, शाकाहार, पर्यावरण संरक्षण, सहिष्णुता जैसे संदेशों को जन–जन तक प्रसारित किया जाएगा। यह रथ राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज, आचार्य निश्चय सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में रवाना किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में भगवान महावीर का 2550वां निर्वाणोत्सव पूरे विश्व में मनाया जाएगा। इस मौके पर पूरे वर्ष विश्वभर में आयोजन होंगे।

**इससे पहले अहिंसा रथ प्रवर्तन समारोह का आयोजन किया गया,** जिसमें आचार्य श्री सुनील सागर जी ने कहा कि वर्तमान में वर्धमान एवं उनके सिद्धांतों की महती आवश्यकता है। अगर विश्व में शांति चाहिए तो अहिंसा, शाकाहार को अपनाना होगा। आज हिन्दू, मुस्लिम, जैन, सिख बनने की नहीं अपितु अच्छा इंसान बनने की आवश्यकता है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि गुरुओं एवं महापुरुषों के शब्द मंत्रों का काम करते हैं। भगवान महावीर के सिद्धांतों को पूरी दुनिया को अपनाने चाहिए। नर बलि पशु बलि बंद होनी चाहिए। भगवान महावीर के सिद्धांतों जीओ और जीने दो, अहिंसा, अपरिग्रह शाकाहार आदि का अहिंसा रथ के माध्यम से पूरे देश में लोगों को शिक्षित करेगा।
**इस मौके पर श्री भगवान महावीर 2550 वां निर्वाण महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन** श्वेताम्बर जैन आचार्य लोकेश मुनि, आचार्य शैलेष, भारतीय विदेश नीति परिषद एवं भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश वैदिक, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के पूर्व कुलपति फीरोज बख्त अहमद, जैन इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष घेवर चन्द बोहरा ने भी विचार व्यक्त किए। रथ प्रवर्तन आरंभ समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रहे। अध्यक्षता श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन ने की। इस मौके पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री महेन्द्र देव कुमार पाटनी, प्रकाश खण्डाका, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोड्या सहित सभी धर्मों के धर्म गुरु, बड़ी संख्या में विद्वान, लेखक, विचारक उपस्थित थे। संचालन शालिनी बाकलीवाल ने किया।

**- धरणेन्द्र कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष**

# मुख्यमन्त्री अशोक गहलौत द्वारा भगवान महावीर का 2550 वां निर्वाणोत्सव अहिंसा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रबाना किया











**जयपुर, 30 अक्टूबर को माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा उद्घाटन** किए गए अहिंसा रथ जो समस्त देश में भगवान महावीर के उपदेशों को जन–जन तक पहुंचायेगा का प्रवर्तन , शनिवार, 24 दिसंबर को जयपुर के वैशाली नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर से आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ और आचार्य श्री शशांक सागर जी ससंघ के सानिध्य में , राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी तथा कृषि मंत्री लालचंद कटारिया जी के द्वारा 2550 वां निर्वाणोत्सव समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणींद्र जैन की उपस्थिति में अहिंसा रथ को हरी झंडी दिखाकर देशभर में 70000 किलोमीटर की यात्रा के लिए रवाना कर दिया । यह दिन था तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज जी के 13वें समाधि दिवस का , और तीर्थंकर महावीर स्वामी जी के 2550 वें निर्वाण महामहोत्सव के उपलक्ष में इस अहिंसा रथ को पहले राजस्थान से तमिलनाडु और उसके बाद अन्य राज्यों में तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी जी के विश्व के कल्याण के लिए बताए गए मार्ग और संदेश तथा विशेषकर अजैन भाइयों में अहिंसा, सत्य , अपरिग्रह, जीओ और जीने दो आदि का शंखनाद करने के लिए, इस रथ की रवानगी के अवसर पर मुख्यमंत्री गहलोत जी ने कहा कि राजस्थान में भगवान महावीर और गांधीजी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने के लिए देश में पहली बार राजस्थान में अहिंसा और शांति विभाग अलग से बनाया गया है। इसके माध्यम से लोगों में भाईचारा और प्रेम की भावना विकसित हो सके। इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित आयोजित हो रहे हैं।

# समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान।



**श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला संभाग** में मनाया दीपावली महा महोत्सव एवं नववर्ष आगमन के उपलक्ष में किया समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान अध्यक्ष श्रीमती मधु शाह ने बताया कि इस कार्यक्रम में 151 महिलाओं की भागीदारी रही राजस्थानी थीम पर यह कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान भी किया गया साथ ही श्रीमती शकुंतला सेठी का भी जीव दया मानव सेवा एवं धार्मिक कार्यो में हमेशा दान की भावना से दान राशि से अनेक गौशाला में दान देने के लिए महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रचार प्रसार मंत्री मृदुला जैन ने बताया कि राजस्थानी नृत्य, राजस्थानी पहनावा, राजस्थानी भोजन एवं राजस्थानी थीम के साथ सभी ने भरपूर आनंद लिया मंत्री किरण जैन एवं रजनी बसन्त विहार ने बताया कार्यक्रम का संचालन राजस्थानी भाषा में श्रीमती मधु शाह एवं संगीता कासलीवाल ने किया। ,संगीता शैलेंद्र मधु शाह सिम्मी सोनी , मृदुला , मंजू अजमेरा, अर्चना , स्वेता, अनेक महिलाओं ने राजस्थानी थीम पर प्रस्तुति दी।

**- मधु शाह, अध्यक्ष कोटा**

---





**Given Deputation to Hon'ble Shri Nitin Gadkari Cabinet Minister from Shree Digamber jain Mahasamiti & Sakal jain samaj Nagpur**

# नखाते नागपुर गौरव से सम्मानित



**दिगंबर जैन सेणगन मंदिर इतवारी,** चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर महल, पार्श्वोदय तीर्थ नागठाना के संयुक्त तत्वावधान में हुए समारोह में समाजसेवी नितिन नखाते, सतीश जैन पेंढारी, किशोर मेंढे, पद्माकर बुलबुले के सम्मान का आयोजन आचार्य सुवीरसागर गुरुदेव के सानिध्य में किया गया. आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंबानगर के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सहयोग देने और सामाजिक कार्य में सहयोग, समाज को प्रतिष्ठा प्राप्त हो निरंतर प्रयास करने पर युवा समाजसेवी **नितिन नखाते** को "नागपुर गौरव" उपाधि से अलंकृत किया गया। सतीश जैन पेंढारी को **नागपुर समाज रत्न**, किशोर मेंढे को "जिनधर्म सेवक" और पद्माकर बुलबुले को "जिनधर्म रक्षक" उपाधि से अलंकृत किया गया. पवन जैन, सोनू जैन, जयकुमार मामू, दिनेश जैन, उदय जोहरापुरकर, सुरेश आग्रेकर, अनिल जैन चूड़ीवाले के हाथों सभी को सम्मानित किया गया. समारोह में आनंदराव सवाने, दिलीप शिवनकर, दिलीप राखे, विजय उदापुरकर, सुनील जैन पेंढारी, सीए शरद ठवली, चंद्रनाथ भागवतकर, राजेश जैन केबल, राजकुमार खेडकर, धनंजय महात्मे, दिनेश सावलकर आदि उपस्थित थे. संचालन सूरज जैन ने किया.

## दिवंगत पाटनी के नेत्रों से होगी दो नेत्रहीनों की दुनिया रोशन



**अहिंसा क्रांति / अनिल पाटनी अजमेर।** सर्वोदय कॉलोनी अजमेर निवासी मुन्नालाल पाटनी, सुपुत्र स्व. सुन्दर लाल पाटनी पिता श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के व्यवस्थापक मंत्री मनीष पाटनी एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की युवा प्रकोष्ठ मंत्री रेनू पाटनी के ससुर के आकस्मिक निधन के उपरांत उनकी अंतिम इच्छानुसार एवं परिवारजन की सहमति के पश्चात उनका नेत्रदान कराया गया। अजमेर से बैंक सोसाइटी के चिकित्सक भरत शर्मा ने दिवंगत पाटनी के नेत्र उत्सर्जित किए। दिवंगत पाटनी के नेत्रों से दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया रोशन होगी। **श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर** के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने सामाजिक कार्यकर्ता रहे मुन्नलाल पाटनी के नेत्रदान के पुनीत कार्य पर परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। आई बैंक सोसायटी में जमा कराया गया जो जरुरतमंद व्यक्ति की नेत्र ज्योति प्रदान करेगी।

**श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति जबलपुर संभाग द्वारा ''शिखर जी बचाओ'' मौन जुलूस में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी सभी बहनों ने दी साथ अपने लैटर पैड पर विरोध दर्ज कर क्लैक्टर को सौंपने के लिए दिया,ताकि शासन तक पूरे देश की आवाज जाए।**















# एनजीओ चेतना फाउंडेशन

**भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष** की धर्मपत्नी श्रीमती मल्लिका नड्डा जी के साथ उनके आवास पर श्री दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मणीद्र जैन एवं मिसेज नड्डा जी द्वारा चलाए जा रहे एन जी ओ चेतना फाउंडेशन के आपस में कोआर्डिनेशन से मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए चर्चा हुई तथा इस कार्यक्रम को जनवरी से मिलकर प्रारंभ करने के लिए सहमति बनी। साथ में हैं श्री उद्दीप्त मणि जैन।



# करप्शन फ्री भारत

**करप्शन फ्री भारत द्वारा** बुलंदशहर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण देते हुए डॉ मणीन्द्र जैन। मुख्य अतिथि मेघालय के राज्यपाल श्री सतपाल मलिक जी एवं विशिष्ट अतिथि सांसद श्री मलूक नागर जी ने भी प्रदेश भर से आए किसानों को संबोधित किया।डॉ. मणीन्द्र जैन को उनके द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।






**- प्रवीण भारतीय, संस्थापक अध्यक्ष**

**कोलकाता जैन समाज द्वारा तीर्थ क्षेत्र श्री सम्मेद शिखरजी के संरक्षण के लिए ऐतिहासिक विशाल रैली अनुशासन पूर्ण निकाली गयी, रैली में जैन समाज के लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया श्री दिगंबर जैन महासमिति की सभी सदस्यों ने भी सहभागिता दी।**
















# ठंड से राहत प्रदान हेतु हुडी एवं स्वेटर भेंट



**श्री दिगंबर जैन महासमिति** एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति एवं युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वावधान में तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक एवं चंद्रप्रभु भगवान के तप कल्याणक के अवसर पर दी गई सेवा से 40 व्यक्ति लभान्वित हुए। क्षेत्र प्रभारी एवं ब्रह्मचारी भईया सुकांत जैन के मुख्य आतिथ्य में ज्ञानोदय तीर्थक्षेत्र नारेली में शुद्ध एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था में सहयोग देने वाले भोजन शाला कर्मियों के अलावा क्षेत्र में रहने वाले बच्चों एवं अन्य स्टाफ को ठंड से बचाव हेतु ज्ञानोदय अंकित हुडी एवं स्वेटर भेंट किए गए इससे पूर्व ब्रह्मचारी भईया सुकांत जैन ने महासमिति द्वारा किए जा रहे धार्मिक कार्यों के अलावा सेवा प्रकल्पों की अनुमोदना की अध्यक्ष श्री अतुल पाटनी ने बताया कि समिति संरक्षक समाजसेवी राकेश पालीवाल,कमलेश पालीवाल एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के सहयोग से 40 व्यक्तियों को सेवा भेंट की गई महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि इस अवसर पर सुकांत जैन,राकेश पालीवाल,कमलेश पालीवाल,अतुल पाटनी,मधु पाटनी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

---

# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर



**श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बोरीवली** मुंबई में आचार्य डॉक्टर प्रणाम सागर जी के चातुर्मास समाप्ति पर पिछी परिवर्तन के पावन अवसर पर आचार्य श्री को नई पिछी प्रदान करने एवं हजारों श्रावकों को आशीर्वाद प्रदान कर चुकी पिछी ,पत्नी श्रीमती अलका जैन सहित प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

**- डॉ. मणीन्द्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

पंजीकरण संख्या : S-33/29-11-2017 डाक पंजीकरण संख्या : DL(E)-20/5535/2018-20

## श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति मध्यांचल का अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह के कार्यक्रम की झलकियाँ
















*If undelivered please return to :*

70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mob. :- 9810043108, 8826578600